लघु उद्यम स्थापना में प्रदेश व पूर्वांचल में सोनभद्र अव्वल

6 वीं रैंकिंग के साथ मीरजापुर दूसरे और 7वीं रैंकिंग के साथ आजमगढ़ तीसरे स्थान पर

47 वीं रैंकिंग व 11 प्रतिशत लघु उद्यमियों को ऋण दिलाने में जौनपुर अंतिम पायदान पर

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अंतर्गत लघु उद्यम स्थापना में पूर्वांचल के 10 जिलों में सोनभद्र प्रदेश की रैंकिंग साथ पूर्वांचल में भी नंबर एक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएमएफएमइ योजना की शासन ने रैंकिंग जारी की है। 18 नवंबर तक के आंकड़ों के अनुसार लक्ष्य के मुकाबले लघु उद्यम स्थापित करने में प्रदेश में 6वीं रैंकिंग के साथ मीरजापुर दूसरे और 7वीं रैंकिंग के साथ आजमगढ़ तीसरे स्थान पर है। भदोही चौथे स्थान पर है। आजमगढ़ से **अनिल मिश्र** की रिपोर्ट...।

जौनपुर अंतिम पायदान पर

लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 11 प्रतिशत प्रगति कारण जौनपुर 47वीं रैंकिंग के साथ पूर्वांचल में अंतिम स्थान पर है। 16वीं रैंकिंग के भदोही चौथे, 19वीं रैंकिंग के साथ गाजीपुर पांचवें और 22वीं रैंकिंग के साथ बलिया पूर्वांचल में छठवें पायदान पर है। सोनभद्र प्रदेश की रैंकिंग 65 प्रतिशत के साथ नंबर एक है। जबकि, पूरे प्रदेश की रैंकिंग 20 प्रतिशत है। पूरे प्रदेश में 2,100 लक्ष्य के सापेक्ष 12,769 पंजीकरण कराया। जिसके सापेक्ष 10,348 सब्मिट किया और 9,434 आवेदन बैंकों को भेजा। इसमें 287 का डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बना।

21 हजार लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृत 4115 आवेदन के सापेक्ष 3009 को ऋण वितरित में पूरे प्रदेश में



है प्रदेश में सोनभद्र की रैंकिंग लघु उद्योग स्थापित कराने में

है पूरे प्रदेश की रैंकिंग में लघु उद्यम स्थापित करने में

शासन से पीएमएफएमइ योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष लघु उद्योग के लिए आवेदन की स्वीकृति व बैंकों से ऋण वितरण की प्रगति रिपोर्ट 18 नवंबर को जारी की गई है। लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों से आवेदन की स्वीकृति और ऋण वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

-हरिशंकर राम, जिला उद्यान अधिकारी आजमगढ़।

जिला	लक्ष्य	स्वीकृत	वितरण	प्रतिशत
सोनभद्र	260	170	168	65
मीरजापुर	289	113	103	39
आजमगढ़	250	96	67	38
भदोही	325	103	94	32
गाजीपुर	352	103	72	29
बलिया	342	90	64	26
मऊ	215	54	37	25
वाराणसी	404	65	52	16
चंदौली	310	49	42	16
जौनपुर	340	38	30	11